सोनाक्षी की फिल्म 'जटाधारा' सात नवंबर को रिलीज होगी

सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू की फिल्म 'जटाधारा' सात नवंबर को रिलीज होगी.

जी स्टूडियो की फिल्म 'जटाधारा' सात नवंबर को हिंदी और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी. इस फिल्म में सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में हैं.फिल्म के निर्माताओं ने 'जटाधारा' का मोशन पोस्टर रिलीज कर दिया है. पोस्टर में अच्छाई और बुराई, प्रकाश और अंधकार, मानव इच्छा और ब्रह्मांडीय नियति का संघर्ष दिखाया गया है. फिल्म 'जटाधारा' में सुधीर बाबू और सोनाक्षी के अलावा दिव्या खोसला कुमार, शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी भी दिखाई देंगे.

फिल्म 'जटाधारा' के प्रोड्यूसर्स उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा शामिल हैं. को-प्रोड्यूसर अक्षय केजरीवाल और कुसुम अरोड़ा हैं. क्रिएटिव प्रोड्यूसर दिव्या विजय और सुपरवाइजिंग प्रोड्यूसर भाविनी गोस्वामी हैं.

फिल्म का साउंड जी म्यूजिक कम्पनी ने दिया है.फिल्म के निर्देशक अभिषेक जायसवाल और वेंकट कल्याण हैं.

कृति ने बॉलीवुड में नौ वर्ष पूरे किये

जानीमानी अभिनेत्री कृति खरबंदा ने बॉलीवुड में अपने नौ साल पूरे कर लिये हैं.

'राज़ रिबूट' से 'राणा नायडू 2' तक कृति खरबंदा का फिल्मी सफर काफी दिलचस्प रहा है. वर्ष 2016 से 'राज़ रिबूट' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली कृति खरबंदा ने अपने करियर के नौ साल पूरे कर लिये हैं. उनका फिल्मी सफर कमर्शियल फिल्मों के साथ दिल छू लेने वाले ड्रामों और बेबाक ओटीटी विकल्पों का बेहद अनूठा संतुलन दर्शाता है.

हॉरर थ्रिलर फ़िल्म %राज़ रिबूट% से बॉलीवुड में कदम रखनेवाली कृति ने इस फ़िल्म में जिस तरह की चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई, उसने उनकी सक्षम अभिनय प्रतिभा के साथ उनके आत्मविश्वास को भी दिखाया.एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फ़िल्म %गेस्ट इन लंदन% में उन्होंने अपने स्वाभाविक आकर्षण के साथ पर्फेक्ट कॉमिक टाइमिंग से अपने दर्शकों का दिल जीता. शादी में ज़रूर आना को उनके अभिनय सफर में मील का पत्थर कहें तो गलत नहीं होगा क्योंकि इस इमोशनल रोमांटिक फ़िल्म के ज़रिए उन्होंने अपने संवेदनशील, किंतु प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया.

यमला पगला दीवाना इस फ़िल्म में भी उन्होंने अपनी कॉमिक टाइमिंग के साथ-साथ बड़े सितारों के होते हुए भी अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करवाई. हाउसफुल 4 ,बॉलीवुड की एक ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फिल्म में शुमार है, जिसने उन्हें बॉलीवुड के सबसे सफल फ्रेंचाइज़ में जगह दी. फिल्म पागलपंती अपने नाम के अनुरूप पूरी तरह से एक विशुद्ध कॉमेडी मनोरंजक फ़िल्म थी, जिसने उन्हें मुख्यधारा में बनाए रखा.बिजॉय नांबियार की गहरी इंटेंस ड्रामा फ़िल्म तैश ने भी कृति की अभिनय में गहराई को जोड़ा, बल्कि उनके अभिनय क्षमता को साबित किया.

फिल्म 14 फेरे एक पारिवारिक फिल्म थी, जिसमें कृति ने रोमांस और सामाजिक मुद्दों के बीच संतुलन बनाकर दर्शकों को प्रभावित किया था.

अन्विता का किरदार सबसे कठिन परीक्षाओं से गुजरेगा : सुम्बुल तौकीर खान

जानीमानी अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि सोनी सब के शो इत्ती सी खुशी में उनका निभाया अन्विता का किरदार आगामी एपिसोड में सबसे कठिन परीक्षाओं से गुजरने वाला है. सोनी सब का हाल ही में शुरू हुआ शो इत्ती सी ख़ुशी अपनी दिल को छू लेने वाली कहानी और जिंदगी से जुड़ी सच्चाइयों को दिखाने वाले ड्रामे के दम पर दर्शकों का दिल जीत रहा है. यह शो अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) की कहानी है,जो एक युवा लड़की है जिसन बस एक ही सपना देखा है कि उसका परिवार सुरक्षित और एकजुट रहे. अपनी उम्र के अन्य लोगों की तरह बड़े सपने देखने के बजाय, अन्विता छोटे-छोटे काम करके घर का खर्च चलाती है और अपने पाँच छोटे भाई-बहनों की जिम्मेदारी निभाती है,पूरे मन से, पूरे प्यार से.उसकी सबसे बड़ी चुनौती है उसके पिता सुहास (वरुण बडोला), जो शराबी हैं और जिनकी वजह से पूरा परिवार बेसहारा जैसी जिंदगी जीने को मजबूर है.

Dhanvarsha™

ट्रुकैप फाइनेंस लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

ग्राहकों एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि ट्रुकैप फाइनेंस लिमिटेड, जो भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के साथ पंजीकृत एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है और जिसका पंजीकृत कार्यालय चतुर्थ तल, ए विंग, डीजे हाउस, ओल्ड नागरदास रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 069 ('कंपनी') में स्थित है, भूतल, 37, अमर सिंह मार्ग, फ्रीगंज, माधव नगर, उज्जैन, मध्य प्रदेश - 456 010 ('शाखा') स्थित अपनी शाखा को बंद कर रही है. यह भी सूचित किया जाता है कि इस प्रकाशन की तिथि तक इस शाखा द्वारा दी गई संपूर्ण ऋण पुस्तिका का बकाया शून्य है और इस शाखा से कोई नया व्यवसाय संचालित नहीं किया जा रहा है या ग्राहकों को कोई सेवा प्रदान नहीं की जा रही है. तदनुसार, शाखा 30 सितंबर 2025 से बंद की जा रही है. जिन ग्राहकों या व्यक्तियों को कंपनी से कोई चिंता है या स्पष्टीकरण चाहिए, वे contact@trucapfiannce.com पर ई-मेल भेजकर या 1800 210 2100 पर कॉल करके कंपनी से संपर्क कर सकते हैं.
सभी संबंधितों से अनुरोध है कि वे इस पर ध्यान दें.

ट्रुकैप फाइनेंस लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरित/-
दिनांक : 17 सितंबर 2025 — अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

वेडिंग प्लानर 'कुकु' की भूमिका में नजर आयेंगे मनीष पॉल

जानेमाने हास्य कलाकार मनीष पॉल फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में वेडिंग प्लानर 'कुकु' की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं.

स्क्रीन और स्टेज पर अपनी सहज उपस्थिति के लिए पहचाने जाने वाले मनीष इस फिल्म में हास्य और भावनाओं का बेहतरीन मिश्रण लेकर आएंगे, और ट्रेलर में उनका झलक दिखा चुका है कि वह वही मजेदार ऊर्जा लेकर आने वाले हैं. उनकी स्वाभाविकता और इमोशन के बीच तालमेल फिल्म के शादी वाले हंगामे में एक नया मजेदार रंग भरने वाला है.

इस फिल्म को लेकर उत्साह इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि मनीष की केमिस्ट्री और ब्रोमांस वरुण धवन के साथ शानदार दिख रही है, जो फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं. दोनों की दोस्ती स्क्रीन पर हमेशा दर्शकों को लुभाती आई है और उनका मजेदार संवादों के साथ-साथ भावनात्मक पल भी फिल्म में मनोरंजन और गर्मजोशी दोनों लाएंगे. चाहे एक-दूसरे का मजाक उड़ाना हो या भावनात्मक दृश्यों में साथ खड़े रहना, मनीष और वरुण की जोड़ी पीढ़ियों तक दर्शकों को पसंद आने वाली है.

द हाउस ऑफ़ लैक्मे ने अनीत पड्डा को ब्रांड का नया चेहरा बनाया

भारत के पहले और सबसे बड़े मेकअप ब्रांड, द हाउस ऑफ़ लैक्मे ने आज अनीत पड्डा को अपने नए चेहरे के रूप में स्वागत किया. दशकों से लैक्मे भारतीय सौंदर्य संस्कृति को आकार देने में सबसे आगे रहा है. यह सिर्फ आइकॉन को सेलिब्रेट नहीं करता बल्कि उन्हें बनाता भी है.

इस अवसर पर अनीत पड्डा ने अपनी खुशी जताते हुए कहा-मेरे लिए मेकअप कभी छिपाने के बारे में नहीं रहा, यह हमेशा आपके असली रूप को दिखाने के बारे में है. मुझे वह मेकअप पसंद है जो सहज हो लेकिन फिर भी एक स्टेटमेंट दे. लैक्मे का दर्शन इसी संतुलन को दर्शाता है. मैं इस ब्रांड के साथ साझेदारी कर बेहद उत्साहित हूँ, जो क्रिएटिविटी को प्रेरित करता है और औरतों को आत्मविश्वास से प्रयोग और अभिव्यक्ति करने के लिए प्रोत्साहित करता है.

Dhanvarsha™

ट्रुकैप फाइनेंस लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

ग्राहकों एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि ट्रुकैप फाइनेंस लिमिटेड, जो भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के साथ पंजीकृत एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है और जिसका पंजीकृत कार्यालय चतुर्थ तल, ए विंग, डीजे हाउस, ओल्ड नागरदास रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 069 ('कंपनी') में स्थित है, वाणिज्यिक परिसर ब्लॉक संख्या 7, शीट संख्या 28, सर्कल संख्या 4, वार्ड संख्या 38, मकान संख्या 289/1+2, भूतल, 62, राजपुरा गेट, बुरहानपुर मध्य प्रदेश-450 331 ('शाखा') स्थित अपनी शाखा को बंद कर रही है. यह भी सूचित किया जाता है कि इस प्रकाशन की तिथि तक इस शाखा द्वारा दी गई संपूर्ण ऋण पुस्तिका का बकाया शून्य है और इस शाखा से कोई नया व्यवसाय संचालित नहीं किया जा रहा है या ग्राहकों को सेवा प्रदान नहीं की जा रही है. तदनुसार, शाखा 30 सितंबर 2025 से बंद की जा रही है. जिन ग्राहकों या व्यक्तियों को कंपनी से कोई चिंता है या स्पष्टीकरण चाहिए, वे contact@trucapfiannce.com पर ई-मेल भेजकर या 1800 210 2100 पर कॉल करके कंपनी से संपर्क कर सकते हैं.
सभी संबंधितों से अनुरोध है कि वे इस पर ध्यान दें.

ट्रुकैप फाइनेंस लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/-
दिनांक : 17 सितंबर 2025 — अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता



फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अपनी पहली निर्मित फिल्म गुस्ताख़ इश्क़ का नया गीत 'ऊलजलूल इश्क़' दर्शकों की मांग रिलीज़ कर दिया है.

नया गीत 'ऊलजलूल इश्क़' हुआ रिलीज़

मनीष मल्होत्रा ने दर्शकों की माग को देखते हुए 'ऊलजलूल इश्क़' को पहले ही रिलीज़ कर दिया है. यह फिल्म उनके प्रोडक्शन हाउस स्टेज5 प्रोडक्शन के तहत बनी पहली सिनेमाई प्रस्तुति है. 21 नवंबर को रिलीज़ होने वाली यह फिल्म मनीष मल्होत्रा का जुनून और सपना है, जो फैशन से आगे बढ़कर कहानी कहने के उनके नए सफ़र को दर्शाती है. 'ऊलजलूल इश्क़' मोहब्बत का जश्न है,जो पहली मुलाक़ात और पहली मोहब्बत की मासूमियत और यादों को फिर से ताज़ा करता है. इस गीत में फ़ातिमा सना शेख़ और विजय वर्मा की प्यारी और चुलबुली केमिस्ट्री दिखती है, जो दर्शकों को गुस्ताख इश्क़ की दुनिया में झाँकने का मौक़ा देती है. इस गीत को बेहतरीन क्रिएटिव टीम ,विशाल भारद्वाज के मधुर संगीत, गुलज़ार के जज़्बाती बोल और ऑस्कर विजेता रेसुल पुकुट्टी की शानदार साउंड डिज़ाइन ने खास बना दिया है. गीत को अपनी आवाज़ दी है नेशनल अवॉर्ड विजेता शिल्पा राव और पापोन ने, जिनकी जादुई गायकी गीत को और भी असरदार बनाती है. मनीष मल्होत्रा ने अपने भाई दिनेश मल्होत्रा के साथ मिलकर गुस्ताख इश्क़ को प्रोड्यूस किया है.

खेसारीलाल यादव की फिल्म 'अवैध' का ट्रेलर रिलीज़

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारीलाल यादव की आने वाली फिल्म 'अवैध' का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है.फिल्म अवैध में खेसारी लाल यादव के अपोजिट अपर्णा मलिक फीमेल लीड में नजर आ रही हैं. यह फिल्म सत्ता, संघर्ष और सिस्टम की जटिलताओं को दर्शाती है.

फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा हैं और सह-निर्माता शाम्भवी झा हैं. फिल्म का निर्देशन नीरज रणधीर ने किया है जबकि कहानी और पटकथा प्रवीण चंद्रा ने लिखी है. संवाद लेखन का जिम्मा प्रवीण चंद्रा और अभिषेक चौहान ने संभाला है.खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह फिल्म उनके लिए खास है क्योंकि यह मनोरंजन के साथ-साथ समाज को एक मजबूत संदेश भी देती है. उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शक इस फिल्म को खुले दिल से अपनाएँगे. अपर्णा मलिक ने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए बेहद खास है. मैंने इसके लिए बहुत सारी तैयारियां भी है. मुझे उम्मीद है कि फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आने वाली है और मेरी भूमिका भी लोगों को पसंद आए,

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया.... रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री दीपक कुमार राज श्री सुदामा प्रसाद श्रीमती राजकुमारी देवी (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल 10603935)	प्लॉट संख्या 63, वार्ड संख्या 79, ईश-कुंज, ग्राम निहालपुर मुंडी, तहसील और जिला इंदौर, मध्य प्रदेश-452012 का पूरा टुकड़ा. क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, बिक्री योग्य_क्षेत्र, अति_निर्मित_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 800.00, 800.00, 900.00	रु. 3310436/- (रु. तैंतीस लाख दस हजार चार सौ छत्तीस मात्र)	11/6/2025	13/9/2025

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिस: 102/103, दर्शन मॉल, 15/2, रेस कोर्स रोड इन्दौर-452001 मध्यप्रदेश/या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.
स्थान- इन्दौर, दिनांक 17/9/2025 — प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

टन्निष्ठा चटर्जी की फुल प्लेट होगी ओपनिंग नाइट फिल्म

इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ सिडनी में टन्निष्ठा चटर्जी की फुल प्लेट ओपनिंग नाइट फिल्म होगी.

सिडनी इस अक्टूबर एक खास मौके का गवाह बनेगा, जब इंडियन फिल्म फेस्टिवल वापसी कर रहा है. 09 से 11 अक्टूबर 2025 तक चलने वाला यह तीन दिवसीय कार्यक्रम बेहतरीन भारतीय सिनेमा और कहानियों से सिडनी के दर्शकों को जोड़ने वाला है. इस फेस्टिवल का आयोजन मीतू भौमिक लांगे एएम कर रही हैं, जो इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न की संस्थापक भी हैं. इस बार का सिडनी संस्करण अभिनेत्री-फिल्ममेकर टन्निष्ठा चटर्जी की फिल्म फुल प्लेट से शुरू होगा, जिसे अशुतोष गोस्वामी और अनुप चिटनिस ने प्रोड्यूस किया है.

फुल प्लेट में कीर्ति कुल्हाड़ी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि शारीब हाशमी, मोनिका डोगरा और इंद्रनील सेनगुप्ता अहम किरदार निभा रहे हैं. इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर हाल ही में बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 के लिए तय किया गया था. यह कहानी मुंबई की एक मुस्लिम गृहिणी की है, जिसके पति के एक्सीडेंट के बाद उसे घर चलाने के लिए काम करना पड़ता है. इस बदलाव से उसका पति असुरक्षित महसूस करता है और इसी सफर में उसकी अपनी सोच और ज़िंदगी भी बदल जाती है.

VASTU HOUSING FINANCE

वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लि.

यूनिट 203 व 204, दूसरा तल, ए विंग नवभारत एस्टेट जाकरिया बंदर रोड, सेवरी (वेस्ट) मुंबई-400015 महाराष्ट्र, CIN No.- U65922MH2005PLC272501

कब्जा नोटिस

जबकि, अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण के तहत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है. वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और उसके तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12), उधारकर्ताओं को बुलाते हुए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया. उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे उल्लेख किया गया है. उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है. नीचे उल्लिखित तिथि पर उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियां. विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति और किसी भी तरह का लेन-देन न करें. संपत्ति नीचे दी गई राशि के लिए वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड शाखा के शुल्क के अधीन होगी उस पर ब्याज, लागत आदि.

स. क्र.	उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और लैन नंबर	तिथि और मांग सूचना की राशि	संपत्ति का विवरण	दिनांक और कब्जे का प्रकार
1.	सलमा बी अंजुम खान MHL000000134861	11/फरवरी/25 10/फरवरी/25 को रु. 513673	पट्टा सहित, ग्राम खोलवा, ग्राम पंचायत पडलिया बाबाजी, पीएच नंबर 28, सर्वे संख्या 82, पैकी का आकार 8.20*5.80 वर्ग मीटर, ग्राम खोलवा, तहसील भीकनगांव, जिला खरगौन में स्थित है. इसका कुल क्षेत्रफल 47.56 वर्ग मीटर है. उत्तर- श्री असरत, दक्षिण- कॉमन रोड, पूर्व- मस्जिद, पश्चिम- श्री असरार.	प्रतीकात्मक कब्जा 11-सितंबर-25 को लिया गया
2.	संजय विश्नार रीना विश्नार LP0000000192471	22/मई/25 13/मई/25 को रु. 2193371	मकान/भूखंड संख्या 58/2, वार्ड संख्या 63, (दिशानिर्देश वार्ड संख्या 62), ज़ोन संख्या 18, हरिजन कॉलोनी, गड़ी अड्डा नवलखा, लोहा मंडी, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश. कुल क्षेत्रफल- 899 वर्ग फुट. उत्तर- दलाराम संत जी का मकान, दक्षिण- शांतिलाल जी का मकान, पूर्व- गली, पश्चिम- सड़क.	प्रतीकात्मक कब्जा 12-सितंबर-25 को लिया गया
3.	नानू रदम भरुड़ कड़वी बाई, वीरेंद्र HL0000000083719	11/जनवरी/25 08/जनवरी/25 को रु. 351483	अचल संपत्ति का वह पूरा हिस्सा, जिस पर निर्माणाधीन मकान लिखा है. ग्राम लेपा में स्थित, ग्राम लेपा, पी.एच.एन. 66, 90*60 फीट का एक पैक, जिसका क्षेत्रफल 5400 वर्ग फीट है, खरगौन (मध्य प्रदेश) तहसील कसरावद, मध्य प्रदेश, 451228. उत्तर- कॉमन रोड, दक्षिण- कॉमन रोड, पूर्व- अंतिम पुत्र राधेश्याम, प्लॉट संख्या 06, पश्चिम- हरिराम गेंदालाल, प्लॉट संख्या 08.	प्रतीकात्मक कब्जा 12-सितंबर-25 को लिया गया
4.	प्रदीप खंडाग्रे आशा खंडाग्रे सहदेव खंडाग्रे HL0000000077561	20/मई/25 13/मई/25 को रु. 546928	यह प्लॉट राखी नगर (सर्वेक्षण संख्या 288/3 पाकी) का है, जो ग्राम छोटा बांगरदा, तहसील व जिला इंदौर, ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित है, जिसका प्लॉट संख्या 509, मध्य प्रदेश, 452001 है. इस प्लॉट की लंबाई 40 फीट, चौड़ाई 15 फीट और क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट है. उत्तर- प्लॉट संख्या 510, दक्षिण- प्लॉट संख्या 508, पूर्व- रोड, पश्चिम- अन्य प्लॉट.	प्रतीकात्मक कब्जा 12-सितंबर-25 को लिया गया
5.	मोहन दुलेरा संगीता बाई दुलेरा LP0000000096489	20/मई/25 13/मई/25 को रु. 916031	सर्वेक्षण संख्या 596/2, ग्राम बांगर, पीएच संख्या 25, तहसील एवं जिला देवास (मध्य प्रदेश) 455001 - कुल क्षेत्रफल- 0.065 हेक्टेयर (650 वर्ग मीटर). उत्तर- हरिराम पुत्र सिद्धनाथ, दक्षिण- गब्बूलाल पुत्र सेवा जी, पूर्व- नाला, पश्चिम- सड़क.	प्रतीकात्मक कब्जा 12-सितंबर-25 को लिया गया
6.	राजेश, संजू बाई HL0000000102636 LP0000000101802	20/मार्च/25 रु. 525984 और रु. 904176 09/मार्च/25 को	अचल संपत्ति पीएच संख्या 20/94 पर स्थित है, भूमि का एक भाग, क्रमांक 735/2, वार्ड संख्या 16, प्लॉट संख्या 868, मुख्य सड़क के किनारे, ग्राम केसूर, धार, मध्य प्रदेश 454001, कुल 900 वर्ग फुट. उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- अखंड शिवधाम आश्रम, पूर्व- राधेश्याम का मकान, पश्चिम- कृष्णा पुत्र मंगललाल का मकान.	प्रतीकात्मक कब्जा 11-सितंबर-25 को लिया गया
7.	प्रदीप, ज्योति, लाल कुंवर, देव करण LP0000000127740 HL0000000125448	18/दिसंबर/24 रु. 172972 और रु. 699621 09/दिसंबर/24 को	अचल संपत्ति का वह पूरा भाग पीएच संख्या 13/18 पर स्थित है, भूमि का एक भाग, क्रमांक 230, मकान संख्या 42, ग्राम पंचायत पिटगारा, तहसील बदनावर, जिला धार, मध्य प्रदेश 454660, क्षेत्रफल 527 वर्ग फुट. उत्तर- शिवनाथ सिंह का मकान, दक्षिण- नारायण पटेल का मकान, पूर्व- सड़क, पश्चिम- नारायण पटेल का मकान.	प्रतीकात्मक कब्जा 11-सितंबर-25 को लिया गया

दिनांक : 17-9-2025 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : खरगौन, इन्दौर, देवास, धार — वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लि.

Chola Enter a better life

चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय : चोला क्रेस्ट, सी-54 और सी-55, सुपर बी-4, थिरू वी का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गुइंडे, चेन्नई-600032

कब्जा नोटिस (नियम 8 (1) (अचल संपत्ति का)

चूंकि नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, जिसे आगे अधिनियम कहा जाएगा, मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित [प्रवर्तन] नियम, 2002 की धारा 13 [12] के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नियम 3 के साथ पठित, प्रतिभूति हित [प्रवर्तन] नियम, 2002 के तहत उधारकर्ताओं, जिनके नाम नीचे कॉलम (बी) में दर्शाए गए हैं, को कॉलम [सी] में निर्दिष्ट तारीखों पर उक्त नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर ब्याज के साथ नीचे कॉलम [डी] में दर्शाई गई बकाया राशि चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किए हैं.
उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा आज 12 सितम्बर 2025 को ले लिया है. उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.
विशेष रूप से उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे नीचे कॉलम [ई] में उल्लिखित संपत्तियों के साथ लेन-देन न करें और ऐसा कोई भी लेन-देन एमआईएस, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के कॉलम [डी] में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के प्रभार के अधीन होगा.

स. क्र.	देनदार का नाम और पता लोन खाता नंबर	डिमांड नोटिस की तिथि	कुल बकाया राशि	अचल संपत्ति का विवरण	कब्जे की तिथि
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)
1.	लोन खाता नंबर TL01BPL0000064208 1. मेसर्स पूनमचंद फकीरचंद एंड कंपनी 2. श्री विक्रम उरगिरिया और 3. श्रीमती विनीता उरगिरिया	16-6-2025	रु. 56,54,140/- दिनांक 16-6-2025 को ब्याज सहित	प्लाट/मकान संख्या 34, पीस पॉइंट कॉलोनी, ग्राम लिम्बोदी, तहसील एवं जिला इंदौर स्थित संपत्ति का वह समस्त भाग, जिसका क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट (55.76 वर्ग मीटर) है, तथा जिसकी सीमाएँ निम्नलिखित हैं- उत्तर- प्लाट संख्या 33, दक्षिण- प्लाट संख्या 35, पूर्व- प्लाट संख्या 14, पश्चिम- रोड.	12-9-2025

दिनांक : 17-9-2025 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : इन्दौर — मेसर्स चोलामंडलम इनवेस्टमेंट और फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL-HFL) के कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय- 102/103, दर्शन मॉल, 15/2, रेस कोर्स रोड इन्दौर-452001, मध्यप्रदेश में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के अंतर्गत बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री. जबकि IIFL-HFL के प्राधिकृत अधिकारी ('AO') ने निम्नलिखित ऋण खातों/संभावना संख्याओं में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया था. आईआईएफएल-एचएफएल के बकाये की वसूली के लिए 'जहां है जैसा है, जो है जैसा है तथा बिना किसी सहारे के आधार पर' इसे बेचने के अधिकार के साथ, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी मंच के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी.

देनदार/सहदेनदार/ गारंटर का नाम	डिमांड नोटिस की तिथि व राशि	अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण	भौतिक कब्जा तिथि	रिजर्व मूल्य
श्री गोविन्द गोवर्धन चौहान श्रीमती लता बाई श्रीमती सरिता गोवर्धन चौहान	20-4-2024 रु. 470869/- (रु. चार लाख सत्तर हजार आठ सौ उनहत्तर मात्र)	संपत्ति का वह समस्त भाग जिसमें शामिल हैं- फ्लैट संख्या 215, द्वितीय तल, हाई स्ट्रीट अपार्टमेंट ओमेक्स सिटी-2, ग्राम मांगलिया सड़क, सांवेर, इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत, 452001 क्षेत्रफल (वर्ग	23-5-2025 कुल बकाया राशि 8-9-2025	रु. 997000/- (रु. नौ लाख सन्तानवे हजार मात्र)
श्रीमती सरिता गोवर्धन चौहान (प्रॉस्पेक्ट नं. 804817)	बिड वृद्धि राशि रु. 20,000/- (रु. बीस हजार मात्र)	फुट में)- संपत्ति का प्रकार- कार्पेट क्षेत्र, सुपरबिल्ट अप क्षेत्र, संपत्ति का क्षेत्रफल- 439.00, 615.00	को रु. 618007/- (रु. छह लाख अट्ठारह हजार सात मात्र)	बयाना जमा राशि (ईएमडी) रु. 99700/- (रु. निन्यानवे हजार सात सौ मात्र)

प्रॉपर्टी निरीक्षण दिनांक	ईएमडी की अंतिम दिनांक	ई-नीलामी दिनांक/समय
24-10-2025 11.00-14.00 बजे	27-10-2025 के 5.00 बजे तक	29-10-2025 11.00 से 13.00 बजे

भुगतान का तरीका- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाना है. भुगतान करने के लिए आपको https-//www.ifionehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा.
नोट- प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग-अलग है. सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं.
शेष भुगतान के लिए - https-//www.iiflonehome.com >मेरी बोली >शेष राशि का भुगतान करें पर लॉग इन करें.

नियम एवं शर्तें :-

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https-//www. iiflonehome.com के पास अपना विवरण पहले से पंजीकृत करना होगा तथा लॉगिन खाता, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा. इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त शाखा कार्यालय में ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी की प्रति तथा पैन कार्ड के साथ अपना 'निविदा प्रपत्र' जमा/भेजना होगा.
2. बोलीदाताओं को 'बोली वृद्धि राशि' कॉलम के अंतर्गत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपनी पेशकश में सुधार करना होगा. यदि बोली नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में लगाई जाती है, तो समापन समय स्वत: ही 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा.
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा. सभी जमा और भुगतान निर्धारित भुगतान विधि से किए जाएंगे.
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टाम्प शुल्क, फीस और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित प्रभारों का भुगतान करना होगा.
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेन-देन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन का भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के साथ टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा.
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियाँ जमा करने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https-//www.iiflonehome.com और https-//www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें.
7. ई-नीलामी पर विस्तृत जानकारी, सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ईमेल आईडी : care@iiflonehome.com, सहायता हेल्पलाइन नंबर : @1800 2672 499 पर संपर्क कर सकते हैं.
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, सोमवार से शुक्रवार के बीच 09:30 बजे से 18:00 बजे तक IIFL HFL टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल करें : care@iiflonehome.com
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जे में लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को इकट्ठा करें, अन्यथा IIFL-HFL परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.
10. इसके अलावा उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त सामान इकट्ठा करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा.
11. यदि सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की जाती है, तो बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी तथा संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा.
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है. निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तिथि से पहले ऊपर उल्लिखित राशि के साथ-साथ अद्यतित ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और यदि कोई बकाया है तो उसे ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा.
स्थान- इन्दौर, दिनांक- 17-9-2025 — एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड